>

Title: Need to provide adequate wages to the teaching staff employed in the schools run by Coal India Ltd.

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से माननीय कोयला मंत्री का ध्यान कोल इंडिया की खदानों के विद्यालयों में कार्यरत हजारों शिक्षकों को दिए जाने वाले वेतन के प्रति आकृष्ट करते हुए सूचित करना है कि उपक्रम की ओर से इन्हें 3000 रूपए प्रतिमाह वेतन दिए जाते हैं, जो एक कुशल व्यक्ति की न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कार्यरत शिक्षा मित्रों को 4000 रूपए प्रतिमाह मानदेय के रूप में मिलता है। शिक्षा मित्रों से भी कम वेतन इन शिक्षकों को मिल रहा है।

अतः मैं माननीय कोयल मंत्री जी से अपेक्षा करूंगा कि सरकारी उपक्रम की कोल कंपनियों को अपने स्तर से निदेश देने का कष्ट करेंगे कि इन शिक्षकों को प्रतिमाह, शैक्षिक योग्यता को देखते हुए राज्य सरकारों के वेतनमान के बराबर भुगतान करें।

* Treated as laid on the Table